# विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/1092245/2025/3313/58–1–2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 मे वर्णित व्यवस्था के अनुसार जनपद सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत संचालित बाल विकास परियोजना, नौगढ, शहर (नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर), बर्डपुर, उसका बाजार, लोटन, जोगिया, शोहरतगढ, बढ़नी, मिठवल, बांसी, खेसरहा, डुमरियागंज, भनवापुर, इटवा तथा खुनियांव, में आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदो पर चयन हेतु विभागीय वेवसाइड https://upanganwadibharti.in पर पात्र महिला अभ्यर्थिनियों से ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदो का विकास खण्ड/परियोजनावार विवरण निम्नवत है:–

| क्र. स. | परियोजना का नाम | रिक्त पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पदों की श्रेणी | | | | कुल योग (कॉलम 5+6+7+8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | पिछड़ी जाति | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नौगढ़ | आं0बा0 कार्यकत्री | 27 | 15 | 07 | 05 | 0 | 27 |
| 2 | शहर | आं0बा0 कार्यकत्री | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 3 | बर्डपुर | आं0बा0 कार्यकत्री | 58 | 30 | 19 | 9 | 0 | 58 |
| 4 | उसका बाजार | आं0बा0 कार्यकत्री | 21 | 06 | 05 | 10 | 0 | 21 |
| 5 | लोटन | आं0बा0 कार्यकत्री | 08 | 02 | 03 | 03 | 0 | 08 |
| 6 | जोगिया | आं0बा0 कार्यकत्री | 25 | 10 | 09 | 06 | 0 | 25 |
| 7 | शोहरतगढ | आं0बा0 कार्यकत्री | 17 | 07 | 05 | 05 | 0 | 17 |
| 8 | बढ़नी | आं0बा0 कार्यकत्री | 17 | 03 | 08 | 06 | 0 | 17 |
| 9 | मिठवल | आं0बा0 कार्यकत्री | 33 | 14 | 09 | 10 | 0 | 33 |
| 10 | बांसी | आं0बा0 कार्यकत्री | 15 | 08 | 01 | 06 | 0 | 15 |
| 11 | खेसरहा | आं0बा0 कार्यकत्री | 25 | 17 | 05 | 03 | 0 | 25 |
| 12 | डुमरियागंज | आं0बा0 कार्यकत्री | 46 | 23 | 15 | 08 | 0 | 46 |
| 13 | भनवापुर | आं0बा0 कार्यकत्री | 16 | 08 | 03 | 05 | 0 | 16 |
| 14 | इटवा | आं0बा0 कार्यकत्री | 22 | 13 | 04 | 05 | 0 | 22 |
| 15 | खुनियांव | आं0बा0 कार्यकत्री | 22 | 08 | 07 | 07 | 0 | 22 |
| कुल योगः– | | | 353 | 165 | 100 | 88 | 0 | 353 |

उक्त पदों का ग्रामसभावार/वार्डवार रिक्त पदों का विवरण व आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल https://upanganwadibharti.in पर अपलोड कर दिया गया है। साथ ही जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, समस्त तहसील, समस्त विकास खण्ड तथा समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है।

## पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1– उक्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होगी।

2– आंगनबाडी कार्यकत्री के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।

3– आयु सीमा:– आंगनबाडी कार्यकत्री पद हेतु आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक–01.07.2026 को 18 वर्ष आयु होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध मे हाई स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र मे अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।

4– उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता दी जायेगी, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा/परित्यक्ता महिला के न मिलने पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिला को वरीयता दी जायेगी।

5– विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

6– गरीबी रेखा के नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिलाएं न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो मे) की निवासी गरीबी रेखा से उपर की विधवा महिला/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाए।

Scanned with OKEN Scanner

7– उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो मे) की निवासी गरीबी रेखा के उपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाए।

8– निवास एवं जाति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में तहसील से आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होगे जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

9– आय प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध मे उ0प्र0 शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या– 3959 /1–9–11–रा0–9 दिनांक 30.09.2021 (यथा संशोधित) के कम मे सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

10– आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाईन व सही–सही सावधानीपूर्वक भरे जायेगें। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा।

11– ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 28.07.2026 होगी।

12– एक से अधिक केन्द्र या पदो पर आवेदिका द्वारा किये गये आवेदन मान्य होगें। एक आगनबाडी केन्द्र पर एक परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आगनबाडी कार्यकत्री/सहायिका पद पर नही की जाएगी।

13– रिक्त पदो का विस्तृत विवरण जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/उप जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर एवं विभागीय वेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर देखा जा सकता है।

नोटः– रिक्तियो की संख्या घट–बढ सकती है।

कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होगें। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(साहब यादव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

## कार्यालयः–जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिद्धार्थनगर।

**पत्रांक** C-1262 **/जि0का0अधि0/आं0बा0कार्यकत्री चयन/ विज्ञप्ति/2026–27** दिनांक 07.07.2026

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2–जिलाधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर।
3–मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4–समस्त उप जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
5–जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एन0आई0सी0), सिद्धार्थनगर।
6–जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि अनिवार्यतः 02 मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7–समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये अपने स्तर से ग्राम पंचायतों में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।
8– समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये अपने स्तर से ग्राम पंचायतों में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।
9–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस निर्देश के साथ कि विज्ञप्ति एवं रिक्तियों का विवरण सम्बन्धित कार्यालयों को उपलब्ध कराने के साथ ही समस्त कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये प्राप्ति रसीद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित समस्त ग्राम प्रधान/सभासद को विज्ञप्ति का विवरण प्रचार–प्रसार हेतु प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

Scanned with OKEN Scanner